न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

अपील / आरटीआई / 20 / 2021
राजेन्द्रसिंह पुत्र विजय सिंह जाति कुशवाह, जनाना हॉस्पीटल के सामने, प्रताप नगर कॉलोनी धौलपुर (राज0)।

बनाम

तहसीलदार,भरतपुर ।

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

आदेश

दिनांक 25.02.2021

अपीलार्थी की यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत हुई है। प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि अपीलान्ट राजेन्द्रसिंह पुत्र विजय सिंह जाति कुशवाह, जनाना हॉस्पीटल के सामने, प्रताप नगर कॉलोनी धौलपुर (राज0) ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जरिये प्रार्थना पत्र दिनांक 15.12.2020 तहसीलदार,भरतपुर से सूचना चाही गई थी । तहसीलदार,भरतपुर द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । इस कार्यालय के पत्र क्रमांक / कोर्ट / 144 दिनांक 16.02.2021 के द्वारा तहसीलदार,भरतपुर से प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने बाबत रिपोर्ट तलब की गई। इस संबध में तहसीलदार,भरतपुर से उनके पत्र क्रमांक / 1354 दिनांक 24.02.2021 से जबाव प्राप्त हुआ जो शामिल मिसिल किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी ने अपील में कथन किया है कि आरटीआई के तहत चाही गई सूचनाऐं तहसीलदार,भरतपुर ने उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। अपीलान्ट ने तहसीलदार,भरतपुर से सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने की प्रार्थना की है। तहसीलदार,भरतपुर से प्राप्त जबाब पत्र क्रमांक 1354 दिनांक 24.02.2021 का अवलोकन किया। तहसीलदार,भरतपुर ने अपने जबाव में अंकित किया है कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना उनके कार्यालय से सम्बन्धित नहीं होने के कारण सूचना दिया जाना सम्भव नहीं है । इस बावत तहसीलदार,भरतपुर द्वारा अपीलान्ट को भी सूचित कर दिया गया है। तहसीलदार,भरतपुर ने अपने जबाब की ताईद में पत्र क्रमांक 1263 दिनांक 24.02.2021 की प्रति भी भिजवाई गई है। स्पष्ट है कि रेस्पो0 ने अपीलांट को वस्तुस्थिति से सूचित कर दिया गया है ।

अस्तु अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है । निर्णय की प्रति अपीलार्थी को (तहसीलदार,भरतपुर से प्राप्त पत्रादि की प्रति संलग्न कर) प्रेषित की जावे। निर्णय की प्रति तहसीलदार,भरतपुर को भी भेजी जावे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Nathmal Didel
Date: 2021.02.26 16:20:57 IST
Reason: SelfAttested

(नथमल डिडेल)
जिला कलक्टर
भरतपुर